**Patrika (Indore), 09th December 2022, Page – 04**

आइआइटी इंदौर में अब 20 उपलब्धियां

# आइआइटी के नाम एक और पेटेंट

**इंदौर @ पत्रिका.** आइआइटी इंदौर ने अपने नाम एक और पेटेंट कर लिया है। डुअल-गेट फिनफेट पर आधारित नई तकनीक मोबाइल फोन और लेपटॉप की उम्र बढ़ाएगा। आइआइटी को रीड रिचार्ज (आरआरसी) आधारित प्रोसेस वेरिएशन टॉलरेंट 10टी एसआरएएम सेल पर एक और पेटेंट दिया गया है। इसके साथ आइआइटी को मिले पेटेंट की कुल संख्या 20 हो गई है।

डॉ. नंदकिशोर यादव और प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा ने विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन के लिए एक नई मेमोरी तकनीक का प्रस्ताव दिया है। अन्वेषकों ने एक स्टैटिक रेंडम एक्सेस मेमोरी (एसआरएएम) बाइट सेल विकसित की है, जो आधुनिक थिन-फिल्म और नैनोस्केल तकनीकों के लिए निर्माण प्रक्रिया संबंधी भिन्नता को सहन कर सकती है।